# आईएसबीटी संचालन में पुणे की कंपनी योग्य

▸ अंतिम निर्णय बोर्ड बैठक में

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में एमआर-10 सड़क पर आईडीए ने सौ करोड़ रुपए की लागत से आईएसबीटी का निर्माण किया है. उक्त आईएसबीटी के रख रखाव और संधारण हेतु आईडीए ने 5वीं बार टेंडर निकाले थे. टेंडर में पुणे की डीवीजी इंडिया लिमिटेड कंपनी योग्यता में खरी पाई गई है. उक्त कंपनी वर्तमान में चेन्नई का बस स्टैंड संचालित कर रही है. आईडीए कंपनी को आईएसबीटी संचालन हेतु ठेका देने का निर्णय आगामी बोर्ड बैठक में होगा.**

आईडीए ने आईएसबीटी संचालन और संधारण के पांचवी बार टेंडर निकाले थे, जिसमें शर्तों में कई संशोधन किए गए थे. 10 मार्च टेंडर भरने के अंतिम तारीख थी. आईडीए द्वारा इस बार टेंडर में शर्त में बदलाव करने के बाद 2 कंपनियों ने टेंडर जमा किया था. एमआर 10 स्थित आईएसबीटी लीज टेंडर में इंदौर की कॉमथेन सिक्युरिटी सर्विसेज और डीवीजी इंडिया लिमिटेड पुणे भाग लिया है. दोनों कंपनियों के टेंडर 25 मार्च को तकनीकी परीक्षण के लिए खोले गए, जिसका आईडीए के इंजीनियर द्वारा गहन तकनीकी परीक्षण किया गया है. तकनीकी परीक्षण में पुणे की डीवीजी इंडिया लिमिटेड पूरी तरह से योग्य पाई गई है. ऐसा लगता है इस बार आईडीए आईएसबीटी को ठेके पर देने में सफल हो सकता है. आईडीए द्वारा आर्थिक स्थिति के टेंडर खोले गए, जिसमें डीवीजी इंडिया लिमिटेड ने आईडीए द्वारा निर्धारित 4 करोड़ रुपए न्यूनतम लीज रेंट से 95 लाख 1 रुपया ज्यादा भरा है. दूसरी कंपनी कॉमथेन सिक्युरिटी सर्विसेज इंदौर का टेंडर निरस्त हो गया है, क्योंकि कंपनी के पास बस स्टैंड संचालन का अनुभव नहीं था. साथ ही तकनीकी परीक्षण में भी योग्य नहीं पाई गई है. ध्यान रहे कि पहले भी आईडीए के चौथी बार टेंडर में 3 कंपनियों ने भाग लिया था, लेकिन कार्यानुभव नहीं होने के कारण टेंडर निरस्त कर दिए थे, जिसमें भी आर्थिक बोली पर चर्चा नहीं हुई थी.

**तकनीकी और ऑपरेशन में योग्य**- आईडीए सीईओ डॉ परीक्षित झाड़े ने बताया कि आईएसबीटी के फाइनेंशियल बीड टेंडर में पुणे की डीवीजी इंडिया लिमिटेड कंपनी को टेंडर न्यूनतम दर से 95 लाख 1 रुपया ज्यादा आया है, उक्त कंपनी तकनीकी और ऑपरेशन दोनों में योग्य पाई गई है. कंपनी को आगामी बोर्ड बैठक में स्वीकृति का प्रस्ताव रखा जाएगा.



### आईएसबीटी में है निम्न तरह से खास व्यवस्था

आईडीए ने 100 करोड़ की लागत से एमआर-10 कुमेड़ी में 15 एकड़ जमीन पर आईएसबीटी का निर्माण किया है। आईएसबीटी ने पूर्णत: वातानुकूलित भव्य बस स्टैंड बनाया है। बस स्टैंड से एक दिन में 1440 बसों का आवागमन हो सकता है। बसों और उनके ड्राइवर कंडक्टर के ठहरने से लेकर रेस्त्रां तक की व्यवस्था की गई है। 40 से ज्यादा टर्मिनल और मेट्रो से कनेक्टिविटी तक दी गई है। साथ ही बस स्टेंड पर 38 दुकानें, 16 रेस्टोरेंट की जगह और पहलू मंजिल पर 25 से ज्यादा कंपनियों के ऑफिस संचालित करने की जगह भी है।

### आईडीए ने रखी थी निम्न शर्तें

आईडीए ने पांचवी बार के टेंडर में 20 साल की लीज और 5 साल का एक्सटेंशन देने, 10 करोड़ रुपए सिक्युरिटी डिपाजिट, टेंडर में न्यूनतम 4 करोड़ रुपए और उस राशि का 1 प्रतिशत प्रति माह लीज रेंट,आवेदन में 10 लाख रुपए प्रतिभूति राशि जमा करने की शर्त रखी थी. साथ ही टेंडर में एक प्रतिशत लीज रेंट में हर साल 5 प्रतिशत राशि बढ़ोतरी की शर्त भी शामिल है.



# अग्नि सुरक्षा नियमों की अनदेखी पर कार्रवाई, दो रूफटॉप रेस्टोरेंट सील

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर.** अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने सख्त अभियान शुरू किया है. कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर ऐसे भवनों और संस्थानों पर कार्रवाई की जा रही है जो सुरक्षा मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं.इसी अभियान के तहत आज जोन-07, वार्ड-29 (स्कीम नंबर-54) के कुछ भवनों में जांच की गई. यहां रूफटॉप पर चल रहे कबीला वेव बारबेक्यू और एयरन हाइट रेस्टोरेंट एंड किचन में जरूरी अग्नि सुरक्षा उपकरण नहीं मिले. इसके अलावा बिना अनुमति के किचन भी चलाया जा रहा था. इस गंभीर लापरवाहियों को देखते हुए प्रशासन ने दोनों रेस्टोरेंट्स को तुरंत सील कर दिया. यह कार्रवाई तहसीलदार निधि धाकड़, भवन अधिकारी टीना सिसौदिया, भवन निरीक्षक पीयूष मावी और राजस्व टीम की मौजूदगी में की गई.

# भाजपा महिला बिल पर देश को गुमराह कर रही है : पटवारी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** महिला विधेयक बिल पर भाजपा देश को गुमराह कर रही है. कांग्रेस 2023 के बिल को लागू करने की पक्षधर हैं और राहुल गांधी बार-बार पूछते रहे कि बिल क्यों लागू नहीं किया जा रहा है? भाजपा के परिसीमन के आधार पर उक्त बिल लागू करने की दूषित मानसिकता सामने आई है.

यह बात आज मीडिया से चर्चा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कही. जीतू पटवारी आज अपने स्थानीय कार्यालय पार पत्रकारों को चर्चा के लिए बुलाया था. इस दौरान उन्होंने कहा कि वरिष्ठ भाजपा नेता वसुंधरा राजे के नाम से एक पत्र जारी हुआ और सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो गया. बाद में वसुंधरा राजे ने उक्त पत्र खंडन किया. पटवारी ने आरोप लगाया कि गुगल पर सर्च करेंगे तो भाजपा के मंत्री और नेताओं पर पांच सौ प्रकरण दर्ज मिलेंगे, जिसमें बलात्कार, महिला और कमजोर वर्ग पर अत्याचार की जानकारी सामने आ जाएगी.



**असफलता छुपाने में लगी भाजपा-** उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी बेहिसाब महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की डबल कमाई के मुद्दों पर असफलता छुपाने में लगी है. मोदी और प्रदेश सरकार में स्वास्थ और शिक्षा नीति खत्म हो गई है. एक छुपाने के लिए महिला बिल की को परिकल्पना 2023 में की गई थी, उससे देश को गुमराह कर रही थी.

# महिला विधेयक पर भ्रम फैला रही है भाजपा : कांग्रेस

▸ कांग्रेस 2023 में पास महिला बिल की पक्षधर - शिल्पी अरोड़ा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** देश में भाजपा द्वारा भ्रम फैलाया जा रहा है महिला विधेयक बिल कांग्रेस पास नहीं होने दिया, जबकि बिल 2023 में सर्व सम्मति से पास हो चुका है. संसद में मोदी संरक्षण बिल का विरोध किया है, जो 50 प्रतिशत लोकसभा सीटें बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया था. मोदी सरकार महिला आरक्षण का चौला पहनकर देश को गलत और विभाजनकारी नीति लागू करने की कोशिश कर रही थी. विपक्ष ने मोदी के मासुंबो पर पानी फेर दिया. भाजपा लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक बिल गलत तरीके से लाकर लोकसभा स्थाई कब्जा करके की नीति पर काम कर रही थी.



यह बात आज महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता पैनलिस्ट शिल्पी अरोड़ा ने पत्रकारों से कही. शिल्पी अरोड़ा ने पत्रकारों से कहा कि 2023 बिल पास किया था वो क्या था? 16 अप्रैल के बाद एसडी महिला विधेयक बिल लेकर आए और उसमें अचानक 2011 की जनगणना के आधार पर 50 प्रतिशत लोकसभा सीटें बढ़ाने और नए परिसीमन से 2029 का लोकसभा चुनाव करने की षड्यंत्रकारी रणनीति थी, जिसे विपक्ष की जागरूकता और बिना भरोसा लिए पेश किया गया, जो गिर गया. कांग्रेस और सम्पूर्ण विपक्ष की मांग है कि 543 लोकसभा सीटें पर ही 33% महिला आरक्षण लागू हो. मोदी सरकार महिला विधेयक 2023 को लागू करे। शिल्पी अरोड़ा ने पत्रकारों को बताया कि महिला आरक्षण प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश में 40 प्रतिशत तक लागू किया. ममता बनर्जी बंगाल में महिलाओं को 40 प्रतिशत आरक्षण दे रही है, लोकसभा में भी महिलाओं को बंगाल में 40 प्रतिशत टिकट दिए गए. कांग्रेस प्रवक्ता ने खुलासा किया है बांसुरी स्वराज जो सुषमा स्वराज की बेटी है, यह भूल गई कि स्वराज सिर्फ नाम की विदेश मंत्री थी. 20 मिनट तक प्लेन में बैठा रहने का आदेश था. उन्होंने कहा कि बीजेपी कुलदीप सेंगर, बृजभूषण सिंह, अंकिता भंडारी के रेपिस्टों, गोवा के केस में 100 लड़कियों को ब्लैकमेल, नासिक का अशोक खारत, जिसके साथ महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और महिला आयोग की प्रमुख के फोटो सार्वजनिक है, ऐसे रेपिस्ट को भाजपा द्वारा खुला संरक्षण दिया जा रहा है.

### 543 लोकसभा सीट के तहत हो आरक्षण

शिल्पी अरोड़ा ने कहा कि भाजपा महिलाओं के सामने कहीं नही है. कांग्रेस ने महिला सशक्तिकरण में देश की राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, कई राज्यों में मुख्यमंत्री, राज्यपाल और लोकसभा अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक बनाया है. उन्होंने बताया कि कांग्रेस 2023 बिल के साथ है. महिला आरक्षण 543 लोकसभा के तहत ही होना चाहिए. लोकसभा की 50 प्रतिशत सीटें बढ़ाकर 33% महिला आरक्षण देंगे, तो उसका कोई मतलब नहीं है.

# कांग्रेस की महिला विरोधी मानसिकता उजागर हुई : विजयवर्गीय

▸ नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्ष पर बोला हमला

इंदौर. महिला आरक्षण के विरोध से कांगेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की महिला विरोधी मानसिकता उजागर हो गई है. 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम के विरोध से विपक्ष का असली चेहरा जनता के सामने आ गया है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम लेकर आए हैं। महिलाओं को अधिकार देने का विरोध करने वाले राजनीतिक दलों को जनता और महिलाएं सबक जरूर सिखाएंगी।



यह बात नगरीय प्रशासन व संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही. मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी दलों द्वारा विरोध कर संसद में 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम को क्रियान्वित नहीं होने देना महिलाओं के अधिकारों का दमन है, व्यवहार से कांग्रेस व विपक्षी दलों ने एक विधेयक का नहीं महिलाओं को सशक्त बनाने और अधिकार देने का विरोध किया है. भाजपा कहती नहीं करते दिखाती है. मप्र के 17 जिलों में महिला अधिकारी कलेक्टर, 10 से अधिक जिलों में एसपी हैं. एक जिले में कलेक्टर, एसपी से लेकर अन्य अधिकारी भी महिलाएं हैं. भाजपा प्रदेशभर में जन-जन को बताएगी कि किसने महिलाओं को अधिकार नहीं मिलने दिया. इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नंदिता पाठक, संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत, भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, आदि ने पत्रकार-वार्ता को संबोधित किया. इस अवसर पर संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत, प्रदेश सहमीडिया प्रभारी आलोक दुबे, जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, अंजू माखीजा, प्रदेश महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष सुश्री निधी बंग, वरूण पाल, नितीन शर्मा, रितेश शर्मा आदि उपस्थित थे.

### महिलाओं को सशक्त नहीं बनने देना चाहते

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नंदिता पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम के सभी बिंदुओं पर विस्तार से संसद में जानकारी दी विपक्षी की सभी शंकाओं, आशंकाओं का समाधान किया. प्रधानमंत्री जी ने तो यहां तक कहा कि अधिनियम का श्रेय उनकी सरकार को नहीं चाहिए .लेकिन कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल महिलाओं को सशक्त नहीं बनने देना चाहती इसलिए नारी शक्ति वंदन को पारित नहीं होने दिया, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके व अन्य विपक्षी दलों ने जिस प्रकार से लोकसभा में 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम का विरोध किया है, उससे स्पष्ट हो गया है कि विपक्ष पहले ही मन बना चुका था कि महिलाओं को अधिकार न मिलने पाए, इसलिए संसद में विरोध किया.

# आईडीए जमीन का फर्जी तरीके से नक्शा पास कराने की कोशिश

▸ विधि शाखा का बाबू निलंबित

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** आईडीए सीईओ ने आज विधि विभाग के बाबू को निलंबित करने के आदेश दिए है. साथ ही निलंबन अवधि में बाबू को एकल खिड़की में पदस्थ किया है. उक्त कारवाई सीईओ ने फर्जी तरीके से आईडीए की बीजलपुर के जमीन पर नक्शा मंजूर करने का आवेदन टीएनसीपी में लगा दिया था.

आईडीए को बीजलपुर खसरा नंबर 3/2 के 0.578 हेक्टेयर जमीन पर टीएनसीपी कार्यलय में नक्शा मंजूर करने ऑनलाइन आवेदन किया गया. इस पर टीएनसीपी ने आईडीए से जानकारी मांगी, तो आवेदन जांच में फर्जी निकाला. सीईओ ने जांच गहराई से करने के लिए भू अर्जन अधिकारी सुदीप मीना को आदेश दिए. मीणा ने जांच में पाया कि आवेदन पूरी तरह से फर्जी है और विधि विभाग में पदस्थ समयपाल शिवम श्रीवास्तव और अन्य के द्वारा षडयंत्र करके किया गया है. उक्त मामले में सीईओ डॉ परीक्षित झाड़े ने जांच में प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए निलंबित करने के आदेश दिए. साथ ही भू अर्जन अधिकारी सुदीप मीणा को जांच अधिकारी बनाकर 1 महीने में जांच रिपोर्ट देने के आदेश दिए है. बाबू श्रीवास्तव को निलंबन अवधि में एकल खिड़की पर पदस्थ किया गया है.





## एक नजर में

### एक्सिस ट्रस्टी ने लॉन्च किया प्रिज्म प्लेटफॉर्म

इंदौर. एक्सिस ट्रस्टी सर्विसेज लिमिटेड (एटीएसएल) ने प्रिज्म नाम का एक डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च करने की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों के साथ जुड़ाव को बेहतर बनाना और सेवाओं को अधिक सरल और तेज बनाना है. यह लॉन्च एक्सिस ट्रस्टी के फिनटेक आधारित ट्रस्टी बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. इस प्लेटफॉर्म का औपचारिक शुभारंभ एक्सिस बैंक के एमडी और सीईओ अमिताभ चौधरी और एक्सिस ट्रस्टी सर्विसेज लिमिटेड के एमडी और सीईओ राहुल चौधरी ने किया. लॉन्च के मौके पर एक्सिस ट्रस्टी सर्विसेज लिमिटेड के एमडी और सीईओ राहुल चौधरी ने कहा प्रिज्म हमारे ट्रस्टी सेवाओं को डिजिटल तरीके से नया रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है. जैसे-जैसे वित्तीय बाजार बदल रहे हैं, ट्रस्टी की भूमिका भी पारंपरिक निगरानी से आगे बढ़कर ग्राहकों के लिए एक अधिक जुड़ा हुआ और जानकारी-आधारित साझेदार बनने की ओर बढ़ रही है. प्रिज्म के माध्यम से हम प्रक्रियाओं को सरल बनाना, पारदर्शिता बढ़ाना और सभी हितधारकों के लिए सेवाओं को अधिक सहज और प्रभावी बनाना चाहते हैं.

### कोने इंडिया के विस्तारित भोपाल कार्यालय का उद्घाटन

इंदौर. कोने इंडिया ने भोपाल में अपने विस्तारित कार्यालय का उद्घाटन किया है। इससे मध्य भारत में कंपनी की उपस्थिति मजबूत हुई है और इस क्षेत्र के ग्राहकों तक सेवाएं पहुंचाना आसान हो गया है. कार्यालय का उद्घाटन कोने इंडिया और दक्षिण एशिया के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अमित गोसाईं ने किया. यह विस्तारित कार्यालय बिक्री, स्थापना, सेवा और आधुनिकीकरण टीमों को सहारा देगा, जिससे ग्राहकों को तेज प्रतिक्रिया, बेहतर सेवा और सहज अनुभव मिलेगा. यह कार्यालय ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, छिंदवाड़ा, बैतूल, सागर, बीना, होशंगाबाद और पिपरिया सहित प्रमुख क्षेत्रों को सेवाएं देगा और मध्य भारत में कंपनी की पहुंच को और मजबूत करेगा. इस उद्घाटन के अवसर पर कोने इंडिया ने अपना सेफ्टी सॉन्ग ओले तुर्वासा भी प्रस्तुत किया. इस अवसर पर अमित गोसैन ने कहा हम भोपाल में अपनी उपस्थिति बढ़ाकर बहुत खुश हैं. यह हमारे ग्राहकों के करीब आने और उनकी जरूरतों को बेहतर तरीके से समझने की दिशा में एक अहम कदम है. हमारा ध्यान सुरक्षित, भरोसेमंद और उच्च गुणवत्ता वाले समाधान देने के साथ-साथ इस क्षेत्र में मजबूत और दीर्घकालिक संबंध बनाने पर बना रहेगा.

### फिज़िक्सवाला ने टॉपर्स की सफलता का जश्न मनाया

इंदौर. मंगलवार को देशभर के फिज़िक्सवाला विद्यापीठ केंद्रों पर उत्सव का माहौल देखने को मिला, जहां हाल ही में घोषित जेईई मेन 2026 सेशन 2 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉपर छात्रों की सफलता का जश्न मनाया गया. शीर्ष स्कोरर्स में मुंबई के भायंदर के छात्र साहिल प्रधान शामिल रहे, जिनकी ऑल इंडिया रैंक 94 है. प्रधान के अलावा, गुराशीश सिंह चड्ढा (एआईआर 112 - उत्तराखंड स्टेट टॉपर) और हरियाणा के नमन वर्मा, जो एक किसान के बेटे हैं और जिन्होंने ऑनलाइन ड्रॉपर बैच से कुछ ही महीनों की तैयारी में एआईआर 243 हासिल की, जैसे छात्रों के प्रदर्शन का भी जश्न मनाया गया. लक्ष्य कौशल (99.95 -एआईआर 793) पीडब्ल्यू इंदौर विद्यापीठ के शीर्ष छात्रों में शामिल रहे. अलख पांडे, शिक्षक, संस्थापक एवं सीईओ फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) ने कहा हम जेईई मेन 2026 में शामिल होने वाले सभी छात्रों पर गर्व करते हैं और विशेष रूप से उन छात्रों को बधाई देना चाहते हैं जिन्होंने उच्च अंक प्राप्त किए हैं. आपकी मेहनत और समर्पण सराहनीय है. जिन छात्रों को अपेक्षित परिणाम नहीं मिले, उनके लिए यह सिर्फ शुरुआत है. अपनी गलतियों का विश्लेषण करें, तैयारी को मजबूत करें और अपने लक्ष्य की ओर लगातार प्रयास करते रहें.

# डेली कॉलेज चुनाव विवाद पहुंचा कलेक्टर कार्यालय

▸ डेली कॉलेज चुनाव में अनियमितता का आरोप, प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर.** डेली कॉलेज में चल रहा विवाद अब प्रशासन के स्तर तक पहुंच गया है. मंगलवार को हुई जनसुनवाई में ओल्ड डेलियंस पूर्व छात्र ने कलेक्टर को शिकायत देकर चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाए.

पूर्व छात्रों का कहना है कि डेली कॉलेज सोसायटी में नियमों के खिलाफ जाकर बिना पंजीकरण और बिना स्वीकृति के बदलाव किए गए हैं और इन्हीं के आधार पर चुनाव कराए जा रहे हैं.



उनका आरोप है कि यह पूरी प्रक्रिया नियमों के विरुद्ध है और संस्था के पारंपरिक ढांचे को प्रभावित कर रही है. शिकायतकर्ताओं ने बताया कि सोसायटी के नियम वर्ष 1954 से लागू हैं, जिनमें बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के गठन और चुनाव की स्पष्ट प्रक्रिया निर्धारित है. उनके अनुसार वर्तमान बोर्ड का कार्यकाल दिसंबर 2025 तक है, इसलिए नियमों के मुताबिक चुनाव की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो जानी चाहिए थी. पूर्व छात्रों ने यह भी मुद्दा उठाया कि पहले डेली कॉलेज के चुनाव कलेक्टर द्वारा कराए जाते थे, लेकिन इस बार एक रिटायर्ड हाईकोर्ट जज को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिस पर आपत्ति जताई गई है.

### एडीएम को सौंपा जांच का जिम्मा

कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच का जिम्मा एडीएम नवजीवन पंवार को सौंप दिया है. अब प्रशासन यह जांच करेगा कि चुनाव प्रक्रिया नियमों के अनुसार हो रही है या नहीं.

# ओडीए विवाद के बीच डेली कॉलेज चुनाव शेड्यूल जारी

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर.** डेली कॉलेज में लंबे समय से चले आ रहे विवादों के बीच अब बोर्ड चुनाव की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई है. चुनाव अधिकारी और हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस सुशील गुप्ता ने चुनाव कार्यक्रम घोषित किया है.


तय कार्यक्रम के अनुसार 21 मई को मतदान होगा और उसी दिन परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे. ओल्ड डेलियंस एसोसिएशन (ओडीए) के विरोध के चलते प्रस्तावित संविधान संशोधन फिलहाल लागू नहीं किया गया है, इसलिए चुनाव पुराने नियमों के आधार पर ही होंगे. चुनाव प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची जारी कर दी गई है, जिस पर 21 से 23 अप्रैल तक आपत्तियां दर्ज की जा सकती हैं. इसके बाद सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा. उम्मीदवार 28 और 29 अप्रैल को नामांकन जमा कर सकेंगे, जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अप्रैल और 1 मई तय की गई है. 2 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी. बाहर रहने वाले मतदाताओं के लिए डाक और ईमेल के माध्यम से मतदान की सुविधा दी गई है. ऐसे मतपत्र 4 से 19 मई के बीच भेजे जाएंगे और 20 मई तक वापस जमा करने होंगे. इसी बीच ओल्ड डेलियन राजेश अग्रवाल ने समय-सारणी पर धन्यवाद देते हुए कुछ बिंदुओं पर चिंता जताई है. उन्होंने कहा कि वैश्विक मतदाताओं के लिए यह समय-सीमा व्यावहारिक नहीं लगती. साथ ही ईमेल से मतदान से पहले ईमेल पतों की पुष्टि और डिजिटल/ ई-वोटिंग प्रक्रिया की संविधानिक वैधता पर स्पष्टता की मांग भी की है.

## डेली कॉलेज में देश की बात पर तकलीफ क्यों : भार्गव

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** डेली कॉलेज में भाजपा और आरएसएस के कार्यक्रम होने पर दिग्विजयसिंह ने कल बोर्ड ऑफ गवर्नर्स से स्पष्टीकरण मांगा है. उन्होंने आरोप लगाया था कि डेली कॉलेज में एक विशेष राजनीतिक विचारधारा के कार्यक्रम किस आधार करने की अनुमति दी जा रही है? उक्त मामले पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने दिग्विजय सिंह के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि देश की बात हो रही है तो तकलीफ क्यों है?

भार्गव ने कहा कि जो लोग वर्षों तक कॉलेज कैंपस को अपनी वैचारिक प्रयोगशाला बनाकर बैठकों, गोलमेज चर्चाओं और चुनिंदा लोगों के साथ बैठकर एजेंडा चलाते थे. आज वही लोग राष्ट्रवाद की आवाज सुनकर बेचैन हो रहे हैं. असल तकलीफ राष्ट्रवाद से नहीं, बल्कि अपने पुराने 'नैरेटिव' के खत्म होने से है. अब जब डेली कॉलेज कैंपस में देश की बात हो रही है, सेना के सम्मान की बात हो रही है, तो इन्हें क्यों तकलीफ हो रही है. जनता सब समझ चुकी है जो लोग कभी देशहित की आवाज दबाते थे, आज वही लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की आजादी का पाठ पढ़ा रहे हैं. यह दोहरा चरित्र अब नहीं चलेगा. नई पीढ़ी जाग चुकी है. कैंपस अब राष्ट्र निर्माण का केंद्र बनेगा, न कि राजनीतिक स्वार्थों का अड्डा.



## एक नजर में ▸ मीडियापल्टन ओपन माइक और सदाबहार सिंगर्स फैमिली का संयुक्त आयोजन

# चिरमी लोकनृत्य, नुक्कड़ नाटक, कव्वाली की अभिनव प्रस्तुति

**इंदौर. मीडियापल्टन ओपन माइक और सदाबहार सिंगर्स फैमिली के संयुक्त आयोजन राग-रंग महोत्सव में हुई विविध लोक लुभावन प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया.**

इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 70 महिलाओं ने कुछ घंटों में जैसे जिंदगी जी ली. ओपन माइक की फाउंडर संध्या रायचौधरी ने बताया 15 से 85 वर्ष तक की महिलाओं ने जोश और उमंग से भरपूर इन्द्रधनुषी प्रस्तुतियाँ दी। राजस्थानी लोकनृत्य चिरमी, पंजाबी गानों का मेशप, क़व्वाली, लोकगीत, भांगड़ा, मोबाइल का मकड़जाल, नुक्कड़ नाटक एक क्लिक में पैसा साफ , पृथ्वी बचाओ इन हास्य नाटिकाओं से सार्थक संदेश दिया. कार्यक्रम का संचालन सुरभि पुजारी ने किया.



### सदाबहार गाने गाए

सदाबहार सिंगर्स फैमिली के प्रमुख प्रशांत रायचौधरी ने बताया कार्यक्रम में 70-80 दशक के लोकप्रिय गीत तेरे मेरे होंठों पे, आसमान से आया फ़रिश्ता, बरसाने की छोरी, पिया तोसे नैना लागे, बागां में मोरनी, बचना ए हसीनों , दिल का हाल सुने दिल वाला आदि गाने सुनाए.